## एक नजर

### पीआरवी के दो सिपाही लाइन हाजिर

शाहजहांपुर। एसपी अशोक कुमार मीणा ने बताया कि रविवार को जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव कारसुखेड़ा में भूमि विवाद की सूचना पर पीआरवी मौके पर पहुंची थी। पैतृक जमीन के बंटवारे को लेकर हुए विवाद जो कोर्ट में विचाराधीन है। इसके बाद भी पुलिस की ओर से सीधा हस्तक्षेप करने व दूसरे पक्ष के साथ अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने के आरोप लगे हैं। इससे पुलिस की छवि धूमिल हुई है। एसपी ने सिपाही श्याम भावी व संजीव कुमार को लाइन हाजिर कर दिया है।

### कांवड़ियों के साथ मारपीट करने के आरोपी गिरफ्तार

उघैती। हरिद्वार से जल लेकर आ रहे कासगंज के के सोरों कोतवाली के गांव भरतपुर निवासी विपिन कुमार, अतुल, रामौतार साथियों के साथ हरिद्वार से कांवड़ लेकर आ रहे थे। बदायूं-बिजनौर राजमार्ग पर बाइक सवार दो युवकों ने गांव टिटौली के पास कांवड़ियों पर हूटिंग की और घेरकर मारपीट की थी। विपिन और अतुल घायल हो गए। दोनों आरोपी भाग गए थे। कांवड़ियों ने जाम लगाया। एसडीएम और थानाध्यक्ष के समझाने पर कांवड़िया मान गए थे। कांवड़िया की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने सोमवार को आरोपी संजीव, आकाश, अंकित को गिरफ्तार कर लिया है।

# पुलिस, गो तस्करों में फायरिंग सिपाही समेत दो तस्कर घायल

## रविवार रात कमलापुर नहर की पुलिया के पास हुई मुठभेड़, पांच फरार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- तस्करों के पैर और सिपाही के हाथ में लगी गोली, तमंचे, छुरी, कुल्हाड़ी बरामद, तीन गिरफ्तार



घायल सिपाही। ● अमृत विचार





अस्पताल में भर्ती घायल गो तस्कर।

**अमृत विचार :** कटरा पुलिस और गो तस्करों के बीच रविवार की रात हुई मुठभेड़ में दो गो तस्कर और एक सिपाही गोली लगने से घायल हो गए। तस्करों के पैर और सिपाही के हाथ में गोली लगी। पुलिस ने मौके से तीन तस्करों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि पांच आरोपी मौका पाकर भाग गए। घायलों का सीएचसी पर इलाज कराया गया। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से दो तमंचे, छुरी, कुल्हाड़ी आदि सामान बरामद किया है।

प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी को रविवार की रात 12 बजे सूचना मिली कि कमलापुर नहर की पुलिया के निकट कुछ गो तस्कर एकत्रित हैं, जिन्होंने गोवंशीय पशु बांधे हुए हैं। पुलिस ने गो तस्करों की घेराबंदी की तो वाहन की रोशनी में देखा कि तस्कर एक पशु को जमीन पर गिराए हुए हैं। पुलिस पहुंची तो तस्करों ने पुलिस टीम पर फायर कर दिए। पुलिस टीम ने आत्मरक्षा के लिए तस्करों पर फायरिंग की। मुठभेड़ में एक सिपाही तरुण कुमार के बाएं हाथ में गोली लग गई। दो तस्कर भी घायल हो गए। घायल तस्कर रहीम निवासी आलमपुर थाना कटरा व मोहम्मद जफर कुरैशी निवासी मिल्कीपर थाना कटरा के बाएं पैर में गोली लगी। पुलिस ने भागते हुए एक तस्कर आसिफ निवासी खैरपुर थाना कटरा को गिरफ्तार कर लिया। जबकि युनुस निवासी खैरपुर थाना कटरा, साजिद निवासी आलमपुर थाना कटरा, अल्जाहद्दीन निवासी वीरमपुर थाना कटरा, गफ्फार निवासी आलमपुर और मुन्ना फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो तमंचे, दो खोखा और चार कारतूस, छुरी, कुल्हाड़ी बरामद की है। पकड़े गए अभियुक्त रहीम पर पहले से दो, आसिफ पर चार और मोहम्मद जफर पर एक मुकदमा दर्ज है। जबकि फरार अभियुक्तों पर भी पहले से केस दर्ज है। पुलिस ने तीनों अभियुक्तों का चालान कर दिया है। टीम में उप निरीक्षक अनुज चौधरी, विशाल, सिपाही, अंकित, प्रवीण, तरुण कुमार, सन्नी यादव थे।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी कांवड़िया की मौत तीन घायल

**उसावां/म्याऊं, अमृत विचार :** पटना देवकली मंदिर पर जलाभिषेक कर घर लौट रहे कावड़ियों की ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में डीजे के नीचे दबकर एक कांवड़िया की मौत हो गई जबकि तीन घायल हो गए।

थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव रसूला निवासी कामेश (22) पुत्र नवाब, मुकेश, ओमेंद्र पुत्र रामवीर आदि 29 लोग कछला घाट से गंगा जल लेने के बाद शाहजहांपुर के पटना देवकली मंदिर पर जलाभिषेक करने के लिए गए थे। जलाभिषेक करने के बाद कांवड़िया ट्रैक्टर-ट्रॉली से लौट रहे थे। ट्रॉली पर डीजे लगा था। उसावां मार्ग पर सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव कुलचौरा के पास विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर को बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। डीजे के नीचे दबकर कामेश की मौके पर मौत हो गई। ओमेंद्र, अमित और मुकेश घायल हो गए। पुलिस ने छोटी क्रेन मंगवाकर राजमार्ग से ट्रैक्टर-ट्राली हटवाकर वाहनों का आवागमन दुरुस्त कराया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घायलों को अस्पताल भेज दिया।

# कहर जारी... गांव में घुसा बाढ़ का पानी

संवाददाता, मिर्जापुर

- कई गांवों के रास्तों पर चल रहा गंगा का पानी आवागमन बाधित



पैलानी गांव में घुसा बाढ़ का पानी। ● अमृत विचार



स्टेट हाईवे पर सोमवार को बाढ़ के पानी के बीच से निकलते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** गंगा की बाढ़ का कहर जारी है। बाढ़ का पानी स्टेट हाईवे के साथ अब घरों में भी घुसने को बेताब हो रहा है। संपर्क मार्ग पर बाढ़ का पानी चलने से आवागमन भी बाधित होने लगा है। स्टेट हाईवे से कांवड़िया भी बाढ़ के पानी के बीच से गुजर कर गंगा जल लेने जा रहे है।

गंगा का जलस्तर एक बार फिर बढ़कर कहर बरपाने को तैयार है। क्षेत्र के पैलानी, कटैलानगला, आजादनगला, मस्जिदनगला, इस्लामनगर, चौरा, चितार, कमथरी समेत कई गांव बाढ़ के पानी से घिरे हुए हैं। पैलानी, आजादनगला समेत कई गांवों के अंदर बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। जिससे आवागमन बाधित हो रहा है। जलालाबाद शमशाबाद स्टेट हाईवे के ऊपर से अभी भी चौरा गांव के पास करीब सौ मीटर तक बाढ़ का पानी तेजी से बह रहा है। बाढ़ के पानी के बीच सैकड़ों कांवड़ियां गंगाजल लाने के लिए ढाई घाट पहुंच रहे हैं। वहीं चौरा नगला बसोला मार्ग पर तेजी से बाढ़ का पानी बह रहा है। लोग जान जोखिम में डालकर इस मार्ग से निकल रहे हैं। खेत खलिहान जलमग्न हो गए हैं। पशुओं का चारा समेत धान व गन्ना की फसल बाढ़ के पानी से लबालब भरी हुई हैं।

# सीनियर सिटीजन सोसाइटी के अध्यक्ष बने सरोज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सरोज कुमार श्रीवास्तव के साथ नवीन कार्यकारिणी।

- जेडी सक्सेना के निधन से रिक्त चल रहे पद पर सर्वसम्मति से सौंपा गया दायित्व

**अमृत विचार :** सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी कार्यकारणी की बैठक में जिलाध्यक्ष के रिक्त चल रहे पद पर सर्वसम्मति से सरोज कुमार श्रीवास्तव को जिम्मेदारी सौंपी गई। यह पद जेडी सक्सेना के निधन के बाद से रिक्त चल रहा था।

हनुमत धाम स्थित कुंवर कालका सहाय स्मृति सभागार में सोमवार को हुई बैठक में सचिव सर्वेश कुमार गुप्ता ने सरोज कुमार श्रीवास्तव के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृति दे दी गई।

उपाध्यक्ष विष्णु प्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में हुई बैठक में संयोजक हर चरण मिश्रा, संयुक्त सचिव बैजनाथ कश्यप, कोषाध्यक्ष राज कुमार, ऑडीटर महेंद्र कुमार कंचन, देवेंद्र कुमार गुप्ता, मंजुला सक्सेना, सतीश चंद्र पांडेय, बाबू राम, कृष्णाधार मिश्रा, महेश कुमार गुप्ता, राणा परवीन, संजीव सक्सेना, समीर सक्सेना आदि मौजूद रहे।

समापन पर सभी ने दो मिनट का मौन रखकर पूर्व अध्यक्ष जेडी सक्सेना को भावपूर्व श्रद्धांजलि अर्पित की। पदाधिकारियों ने पूरी निष्ठा से कार्य करने की शपथ ली।

## पति समेत तीन पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जैतीपुर थाना क्षेत्र के गांव मरुआ झाला निवासी रागिनी गुप्ता ने बताया कि उसकी शादी पांच साल पहले सुमित गुप्ता निवासी मरुआ झाला के साथ हुई थी। उसके माता-पिता ने सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था लेकिन ससुराली संतुष्ट नहीं थे। वह मायके से एक सोने की अंगूठी व एक सोने की चेन लाने की जिद पर अड़े थे। उसके मना करने पर ससुराली नाराज हो गए। उसका आरोप है कि चार माह पूर्व ससुराल वालों ने पीटकर घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति सुमित, ससुर मुनीश, सास सुशीला के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# विकास भवन में कैंप लगाकर की गई स्वास्थ्य जांच

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- सीडीओ बोलीं, अब हर माह लगेगा स्वास्थ्य जांच शिविर
- अधिकारी, कर्मचारी व जनसामान्य ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण



डॉक्टरों से जानकारी प्राप्त करतीं सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** विकास भवन में सोमवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ जनसामान्य की जांच की गई। सभी को स्वास्थ्य सेवाएं देने के उद्देश्य से कैंप का आयोजन किया गया। सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह ने हेल्थ कैंप का आरंभ रिबन काटकर किया। तत्पश्चात उन्होंने डॉक्टरों से जानकारी प्राप्त की। ज्यादा से ज्यादा लोगों को कैंप का लाभ मिले, इसके लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

सीडीओ ने बताया कि अब हर माह विकास भवन में निःशुल्क हेल्थ कैंप लगाकर लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिलाया जाएगा। सीडीओ ने डॉक्टरों की टीम के साथ सेल्फी व फोटो खिंचवाकर उनकी हौसला अफजाई भी की। उक्त कैंप ग्राम्य विकास मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष अमित कुमार, महामंत्री ओमकार सहित एसोसिएशन पदाधिकारियों के अनुरोध पर सीडीओ व डीडीओ ने लगवाया।

डीडीओ पवन कुमार सिंह ने भी कैंप के आयोजन के लिए एसोसिएशन की सराहना की। बताया कि इस प्रकार के कैंप जिला मुख्यालय के साथ-साथ ब्लॉकों में भी आयोजित कराए जाएंगे। कैंप डॉ. श्राफ चैरिटी आई हास्पिटल सहदेवा मोहम्मदी व जी सर्जिवियर के सहयोग से आयोजित किया गया। लोगों की आंखों की जांच कर निःशुल्क दवा व चश्मे दिए गए। शुगर, बीपी आदि का भी परीक्षण किया गया।

नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मजहर खान, प्रबंधक दीपक त्रिपाठी ने बताया कि संस्था ग्रामीण क्षेत्र में जाकर घर घर नेत्र जांच कर सुविधाएं दे रही है। कैंप को सफल बनाने में डॉ. मोहित, दीपक त्रिपाठी, विकास, विपिन, मोहम्मद जावेद, हिना, अमित, सुनील, स्मिता, शगुन, रोमी, अलिस्बा आदि का सहयोग रहा।

## पांच बच्चियों को दी गईं बेबी किट



शाहजहांपुर। सिंधौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिला कल्याण विभाग की ओर से 5 नवजात बच्चियों को बेबी किट वितरित की गई। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर से स्टाफ नर्स अंतिमा शुक्ला ने महिला कल्याण विभाग की ओर से चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। जिसमें मुख्य रूप से बच्चियों के माता-पिता को कन्या सुमंगला योजना से लाभांवित होने के लिए जनसेवा केंद्र पर आवेदन करने को बताया। साथ ही महिला कल्याण विभाग के पंपलेट वितरित किए गए। चाइल्ड हेल्पलाइन से सुपरवाइजर शिवम पांडेय ने हेल्पलाइन नंबर 1098, 112, 108, 102, 1090, 181, 1076 आदि हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी प्रदान की। इस दौरान जिला अस्पताल से बीसीपीएम गौरव, एएनएम स्टाफ आदि मौजूद रहे।

## बीएससी बायो में स्तुति ने किया कॉलेज टॉप



शाहजहांपुर। एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बीएससी बायलॉजी (जीवविज्ञान) के छठे सेमेस्टर का रिजल्ट सोमवार को घोषित कर दिया है। एसएस कॉलेज के जीव विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश चंद्रा ने बताया कि अंतिम सेमेस्टर में कुल 123 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिसमें 87 ने प्रथम श्रेणी में सफलता अर्जित की है। स्तुति रस्तोगी ने 8 .20 सीजीपीए प्राप्त कर कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि निशि गुप्ता और इकरा खान ने 8 .18 सीजीपीए के साथ दूसरा स्थान पाया। मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती, सचिव डॉ. अवनीश मिश्रा व प्राचार्य प्रोफेसर राकेश कुमार आज़ाद ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। स्वामी चिन्मयानंद ने टॉपर को साहित्य भेंटकर पुरस्कृत किया। डॉ. आदर्श पांडेय, डॉ. मुमताज़ हुसैन, डॉ. शिखा सक्सेना, डॉ. निधि त्रिपाठी, डॉ. केशव शुक्ल, शिवांगी, साक्षी आदि ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी है।

AIRCOL MULTI SERVICES & TOTAL SOLUTIONS PVT. LTD.
Near Balaji Gym Lalfatak Budaun Road, Bareilly (U.P)- 243001
Mob.: 8006051051/7252999309 CARE@AIRCOL.IN/SUPPORT@AIRCOL.IN
GSTIN: 09AAVCA4744K1ZZ , PAN NO : AAVCA4744K | WEBSITE VISIT : WWW.AIRCOL.IN
BEST PRICE & BEST SERVICE

| | NEW FIRM OFFER | |
|---|---|---|
| 1- | PROPRIETORSHIP FIRM REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 2- | (ALL TYPE FIRM) GST REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 3- | GST RETURN MONTHLY FEES. | 499/- |
| | OLD FIRM OFFER | |
| 4- | OLD PROPRIETORSHIP FIRM 12 MONTH GST RETURN FEES ONLY. | 1499/- |
| 5- | ITR FILE ONLY. | 499/- |

ALL TYPE FIRM AND COMPANY TOTAL COMPLIANCE AND GST RETURN, PLEASE CALL AND MAIL, WHATSAPP 24×7 AVAILABLE

# समस्याओं का निस्तारण नहीं होने पर करेंगे प्रदर्शन

संवाददाता, बंडा

- किसानों ने एसडीएम पुवायां को भेजा आठ सूत्रीय ज्ञापन
- बंडा थाना प्रभारी पर कार्रवाई करने की मांग पूरी न होने पर गुस्सा



ब्लॉक परिसर में बीडीओ को ज्ञापन सौंपते राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्ता।

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के तहसील अध्यक्ष उमाशंकर गंगवार की अगुवाई में कार्यकर्ता सोमवार को बंडा ब्लॉक पहुंचे। आठ सूत्रीय ज्ञापन बीडीओ के माध्यम से एसडीएम पुवायां को भेजकर समस्याओं के जल्द निस्तारण की मांग की गई।

मांग पत्र में अमृत काल योजना के तहत डाली गई पाइप लाइन से खराब हुई इंटरलॉकिंग सड़कों और गलियों को पूर्ण रूप से ठीक कराने, छुट्टा पशुओं और बंदरों से निजात दिलाने, गांव रनमस्तपुर बुजुर्ग ओमकार शर्मा के मकान से बहादुर लाल के मकान तक दोनों तरफ नाली निर्माण करवाने की मांग की गई। बारिश के कारण प्रभावित हुई धान और गन्ने की फसलों का मुआवजा दिलाने, गांव भौरखेड़ा जिगनिया की बढ़ी हुई आबादी के चलते एक बाईपास बनवाने, मकसूदापुर चीनी मिल के किसानों के बकाया गन्ने का ब्याज सहित भुगतान करवाने की मांग की गई है। वहीं संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व में दिए गए ज्ञापन में बंडा थाना प्रभारी पर मोटी रकम लेकर चोरों को न पकड़ पाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की गई थी, लेकिन अब तक कार्रवाई न होने से कार्यकर्ता नाराज हैं। संगठन के कार्यकर्ताओं का कहना है कि अगर उनकी सभी समस्याओं का समय से निस्तारण नहीं किया गया तो बंडा थाना परिसर के मुख्य द्वार पर 10 अगस्त को धरना प्रदर्शन किया जाएगा जिसके जिम्मेदार उच्च अधिकारी होंगे ।

ज्ञापन देने वालों में विनोद वर्मा, बृज किशोर तिवारी, बलवीर सिंह, दाताराम, रामकिशोर, ओमकार शर्मा, संदीप सिंह, प्रदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

## बुजुर्ग की मौत, पड़ोसियों पर हत्या का आरोप

**ओरछी, अमृत विचार :** फैजगंज बेहटा क्षेत्र के सिसरका निवासी बुजुर्ग रामकृपाल का शव गांव से चार किलोमीटर दूर एक ढाबे पर मिला। परिजनों ने पड़ोसी पिता-पुत्र पर मारपीट में हत्या करने का आरोप लगाया है।

गांव सिसरका निवासी रामकृपाल (70) खेती करते थे। रविवार को गांव से बाहर फैजगंज बेहटा स्थित पेट्रोल पंप के पास गए थे। जहां एक ढाबे पर चारपाई पर लेट गए। ढाबा मालिक उन्हें लेटा छोड़कर घर चला गया। रविवार सुबह ढाबे पर पहुंचा तो रामकृपाल वहीं मृत पड़े थे। मृतक के बेटे पान सिंह ने बताया कि रविवार रात जंगली जानवर की आवाज आने पर पिता ने टॉर्च जलाई थी। जिसकी रोशनी पड़ोसी के घर चली गई। जिसको लेकर पड़ोसियों से झगड़ा हो गया था। इसी दौरान पड़ोसी पिता-पुत्र ने रामकृपाल को ईंट फेंककर मार दी। इसके बाद वे ढाबे पर चले गए।

## कांवड़िया की बाइक की चपेट में आकर डॉक्टर की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** सुबह टहलने के लिए घर से निकले बंगाली डॉक्टर की कांवड़िया की बाइक की चपेट में आकर मौत हो गई। पश्चिम बंगाल निवासी निरपन राय (50) कई साल से थाना अलापुर क्षेत्र के कस्बा सखानू में दवाखाना चलाते थे। वह बंगाली डॉक्टर के नाम से प्रसिद्ध थे। सोमवार सुबह वह टहलने के लिए घर से निकले। मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आकर उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बाइक छोड़कर सवार भाग गए। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस डॉक्टर को जिला अस्पताल ले गई जहां चिकित्सक ने मौत की पुष्टि कर दी। डॉक्टर के परिजनों ने बताया कि बाइक सवार कांवड़िया ने टक्कर मारी। पुलिस बाइक सवार की तलाश कर रही है।

# सीधे लाभार्थी के खातों में जाएगा सहकारी बैंक का ब्याज-अनुदान



जिला सहकारी बैंक सभापति डीपीएस राठौर का अभिनंदन करते बैंक अधिकारी। ● अमृत विचार

- अटल सभागार में हुई पैक्स सचिव व शाखा प्रबंधक की तहसील स्तरीय बैठक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिला सहकारी बैंक के अटल सभागार में सोमवार को पैक्स सचिव व शाखा प्रबंधक की तहसील स्तरीय बैठक हुई। बैंक सभापति डीपीएस राठौर की अध्यक्षता में हुई बैठक में उन्होंने कहा कि अब सहकारी बैंक खाताधारकों का ब्याज अनुदान भारत सरकार से सीधे उनके खाते में आएगा।

बैठक में सभापति राठौर ने बताया कि ऋण वितरण, मांग-वसूली, नए सदस्यों एवं अंशधन में वृद्धि, केसीसी सदस्यों की फीडिंग, फसल बीमा पोर्टल पर फीडिंग, पैक्स का संतुलन पत्र, ऑडिट, कंप्यूटराइजेशन आदि कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान सभापति को प्रदेश में सर्वाधिक सदस्यता व सर्वाधिक अंशपूंजी एकत्र करने के लिए सहकारिता मंत्रालय द्वारा सम्मानित किए जाने पर अभिनंदन किया गया। बैठक में सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता अखिलेश प्रताप सिंह, महाप्रबंधक सौरभ द्विवेदी, जिला सहायक अधिकारी आनंद श्रीवास्तव, चंद्रिका प्रसाद, उप महाप्रबंधक राजेश कुशवाहा, ओमवीर यादव, राजीव वर्मा, ओमप्रकाश मौर्य, विजय राज, रनवीर पटेल, अभयराज, भरत गौतम, प्रमोद रस्तोगी, अमित मिश्रा, अनमोल शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### बाढ़ पीड़ितों ने उठाई मुआवजा दिलाने की मांग



शाहजहांपुर। बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री व नुकसान का मुआवजा न मिलने को लेकर सोमवार को सिंधौली के मनुआबारी के बाढ़ पीड़ितों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुआवजा की मांग की। डीएम को पत्र देकर कहा कि डीएम साहब! हम लोगों को बाढ़ से बर्बाद हुई फसलों और बाढ़ से हुए नुकसान का मुआवजा दिलवा दीजिए। बाढ़ पीडितों ने आरोप लगाया कि कोई भी सरकारी कर्मचारी सर्वे के लिए नहीं पहुंचा। जिससे न मुआवजा न राशन किट मिल सकी है। इस दौरान चमेली, नसरीना, जाहिदा बेगम, शिवराम, परबीना, वाहिद अली, अंजू आदि मौजूद रहे।

### सपाइयों ने फल वितरित कर मनाई जनेश्वर मिश्र की जयंती



कांट। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के प्रख्यात चिंतक व दार्शनिक छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की 92वीं जयंती मनाई गई। सोमवार को कांट कार्यालय पर पूर्व मंत्री अवधेश वर्मा ने मिश्र के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और लोगों को फल वितरित किये। पूर्व मंत्री ने उनके विचारों, व्यक्तित्व पर चर्चा की। इस मौके पर पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा, विधान सभा अध्यक्ष मनेंद्र सिंह यादव, नगर अध्यक्ष मशशुद्दीन सिद्दीक़ी, सर्वेश वर्मा, जिला सचिव धर्म वीर सिंह, शावेज़ अली, विपिन वर्मा, शोएब खां सकलैनी, लईक शाह, रूम सिंह, सुभाष यादव, राम कुमार गौतम, आराम सिंह, शिशु पाल गौतम, कमलेश कुमार वर्मा, उदय प्रताप सिंह, मोहम्मद शाकिब दुकानदार, बेचे सिंह, लोक पाल कश्यप, सर्वेश कुमार वर्मा आकर्रा आदि उपस्थित रहे।

### कांवड़ियों को वितरित किया प्रसाद



शाहजहांपुर। सोमवार को जगह-जगह शिविर लगाकर कांवड़ियों को फल, हलुआ, खिचड़ी प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। पांचाल घाट फर्रुखाबाद से गंगाजल लेकर जलालाबाद कांट शाहजहांपुर होते हुए गोला में स्थित पवित्र शिवालय पर गंगाजल चढ़ाने निकले कांवड़ियों को कांट में दूसरे दिन भी भंडारे में प्रसाद ग्रहण कराया गया। ईओ कांट नूरजहां, चैयरमैन प्रतिनिधि रहीश मियां, पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी कांट रजनीश कश्यप, समाजसेवी अमरदीप शुक्ला की ओर से प्रसाद के रूप में फल, हलुआ, तहरी का वितरण श्रद्धालुओं को रोक-रोककर किया गया। इस दौरान सभासद लालजीत राठौर, रामलड़ैते, सतीराम, समाजसेवी अमित मिश्रा, रामराहीश पाल, योगेंद्र गंगवार, सर्वेश राठौर का मुख्य रूप से सहयोग रहा।

# सैक्स रोगी मिलें

सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक

समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)

बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान

कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)




धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है

Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।

Helpline No. 8439818102 7451039913

स्टॉकिस्ट

आरोग्य सदन बरेली 9837007202



# भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक

क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग [COLO-RECTAL-CENTER]

28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली

9897030475

9411221895

7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)

B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी

गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली

भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली

Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine

45 वर्षों का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)

B.A.M.S., M.S सर्जरी

क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण

मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय

प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक

सायं 7:00 से 8:00 बजे तक

रविवार

प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक

सायंकाल अवकाश


# कोतवाली की बैरक में फॉलोअर, पाकड़ के पेड़ से लटका मिला युवक का शव

## बीसलपुर और सदर कोतवाली क्षेत्र में हुई घटनाओं से दोनों परिवारों में मचा हड़कंप

संवाददाता, पीलीभीत/बीसलपुर



शव मिलने के बाद विलाप करते मृतक अजय के परिवार वाले। मौके • अमृत विचार

**अमृत विचारः** संदिग्ध परिस्थितियों में कोतवाली के फॉलोअर समेत दो युवकों की मौत हो गई। फॉलोअर का शव कोतवाली की बैरक जबकि दूसरे युवक का गांव के बाहर पाकड़ के पेड़ पर फंदे से लटका मिला। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और जानकारी की। फारेंसिक टीम ने भी सुरागरसी का प्रयास किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज संबंधित कोतवाली पुलिस छानबीन में जुट गई है।

- फॉरेंसिक टीम संग पुलिस ने किया मौका मुआयना, शवों का कराया पोस्टमार्टम

पहली घटना सदर कोतवाली में हुई। मूल रुप से बरेली जनपद के नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बिजामऊ के रहने वाले रामऔतार (40) पुत्र अहिवरन सिंह पुलिस विभाग में फॉलोअर थे। वह पुलिस लाइन स्थित आवास में रहते थे। वर्तमान में उनकी तैनाती सदर कोतवाली में चल रही थी। सोमवार सुबह रामऔतार ड्यूटी पर कोतवाली पहुंचे। कुछ देर बाद उनका शव गमछे से बने फंदे से बैरक के गेट पर लटका मिला। पुलिसकर्मी बैरक में पहुंचे तो फंदे से लटका शव देख होश उड़ गए। चीख पुकार मच गई। कोतवाली में फॉलाअर के फंदा लगाकर जान देने का शोर मचा तो भीड़ जमा हो गई। सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी, कोतवाल नरेश त्यागी ने मौका मुआयना कर जानकारी की। परिवार वाले भी जानकारी मिलने पर आ गए। उनका रोकर बुरा हाल रहा। फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया। टीम के एक्सपर्ट काफी देर तक घटनास्थल पर सुरागरसी में जुटे रहे। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रथम दृष्टया मामला खुदकुशी का माना जा रहा है, लेकिन उसके पीछे की वजह को लेकर पुलिस छानबीन करती रही।

उधर, दूसरी घटना बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र में हुई। ग्राम मंडरा सुमन के रहने वाले हरप्रसाद खेती करते हैं। उनका 32 वर्षीय पुत्र अजय गंगवार का शव सोमवार सुबह गांव के बाहर की तरफ पाकड़ के पेड़ पर फंदे से लटका मिला। कुछ ग्रामीण खेतों की तरफ जा रहे थे। उन्होंने युवक का शव फंदे से लटका देखा तो चीख पुकार मच गई। कुछ ही देर में मौके पर भीड़ जमा हो गई। मृतक के परिवार वाले भी जानकारी लगने पर आ गए। इसकी सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। फोरेंसिक टीम को बुलाकर सुरागरसी कराई गई। जिसके बाद शव को फंदे से उतारने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।



अजय का फोटो।



रामऔतार का फोटो।

> फंदे से लटका शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर गई थी। दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट हो सकेगी। उसी आधार पर आगे कार्रवाई कराई जाएगी।
>
> – विक्रम दहिया, एएसपी

### परिजन बोले- रविवार की शाम चार बजे से लापता था अजय

मृतक अजय कुमार के परिवार ने हत्या कर शव फंदे से लटकाने की आशंका जताई है। उनका कहना था कि अजय रविवार शाम करीब चार बजे घर से निकला था। इसके बाद से ही वह लापता हो गया था। उसके नंबर पर कई बार कॉल की गई लेकिन रिसीव नहीं हुई। परिजन लगातार उसकी खैर खबर लेने के लिए कॉल लगा रहे थे। रात करीब दस बजे अजय का फोन स्विच ऑफ बताने लगा। काफी तलाश की गई लेकिन रात को उसका कुछ पता नहीं चल सका था। दूसरे दिन फंदे से लटका शव मिल गया।

### फॉलोअर की सुबह हुई थी पत्नी से बात

कोतवाली में तैनात फॉलोअर रामऔतार की मौत की खबर मिलने के बाद पत्नी सुमन देवी, बेटी रिया, बेटा ऋषि समेत अन्य परिवार वाले आ गए थे। उनका कहना था कि सोमवार सुबह करीब 6 .08 बजे पिता की मां से मोबाइल पर बात हुई थी। करीब 3 .24 मिनट तक बातचीत हुई थी। जिसमें उसने बताया कि पुलिस लाइन स्थित आवास से कोतवाली जा रहा हूं। किसी तरह की दिक्कत नहीं बताई थी। मृतका का पर्स कोतवाली में चावल के कंटेनर में मिला। परिवार का कहना है कि मृतक रामऔतार कभी अपने पास गमछा नहीं रखते थे। जिस गमछे से फंदा लगाया है, वह भी उनका नहीं है। ये भी बताया कि परिवार पुलिस लाइन स्थित आवास में रहता था। अभी तीन दिन पहले ही ननिहाल बरेली के क्योलड़िया गांव गया था।

# प्रेमी के घर पहुंची युवती ने किया हंगामा

**घुंघचिहाई, अमृत विचार :** शादी की मांग को लेकर एक युवती अपने प्रेमी के घर जा धमकी और जमकर हंगामा किया। घटना रविवार रात की है। क्षेत्र की एक युवती का कुछ दूरी पर रहने वाले युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा है। दोनों लंबे समय से एक दूसरे बात करते थे। इन दिनों प्रेमी ने कुछ दूरी बना ली। जिसके चलते युवती उसके घर पहुंचे और। हंगामा करने लगी। प्रेमी के परिजन ने सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद युवती से जानकारी कर युवक को हिरासत में ले लिया गया। सोमवार सुबह प्रेमिका भी थाने पहुंच गई और युवक से शादी जिद पर अड़ गई। मगर युवक के परिजन इसके लिए राजी नहीं हुए। एसओ विशेष कुमार ने बताया कि मामला प्रेम प्रसंग का है। दोनों पक्षों में आपसी सुलह का प्रयास किया जा रहा है।

# बिजली कटौती को लेकर सौंपा ज्ञापन

संवाददताा, बीसलपुर



ज्ञापन देने पहुंचे नगर के उपभोक्ता। • अमृत विचार


**अमृत विचारः** रेलवे स्टेशन मार्ग पर स्थित काशीनाथ विहार कॉलोनी के वाशिंदे लंबे समय से अघोषित बिजली की कटौती की मार झेलते आ रहे हैं। लगातार आश्वासन मिलने के बाद भी बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर उपभोक्ताओं ने सोमवार को एक्सईएन को ज्ञापन सौंपा।

कॉलोनी के रहने वाले तमाम लोग सोमवार सुबह करीब 11 बजे विद्युत उपखंड कार्यालय पहुंचे और मांगों को लेकर एक्सईएन को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि कालोनी में लंबे समय से विद्युत व्यवस्था लड़खड़ाई हुई है। जिसके चलते दिन में दर्जनों बार बिजली चली जाती है। जब जानकारी करने को कॉल की जाती है तो कर्मचारी रिसीव कर संतोषजनक जवाब देना भी उचित नहीं समझते।

अधिशासी अभियंता जितेंद्र कुमार ने उपभोक्ताओं को आश्वासन दिया कि कालोनी की विद्युत व्यवस्था को जल्द दुरुस्त कराएंगे। ज्ञापन देने वालों में भाजपा के जिला महामंत्री अमित अग्रवाल, अमित सक्सेना, सर्वेश कुमार, राकेश गुप्ता, शरद पाल सिंह, राजीव कुमार, हर्षित मिश्रा, बलजीत, विशाल आदि थे।

# ईओ करें निरीक्षण...कहीं न मिले गंदगी का ढेरः डीएम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



बैठक करते जिलाधिकारी संजय कुमार।

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में अधिशासी अधिकारियों के साथ सफाई व्यवस्था संबंधी बैठक सोमवार को गांधी सभागार में हुई। जिसमें अफसरों को सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने पर जोर देने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी संजय कुमार ने कहा कि शहर के नाला नालियों की सफाई कराई जाए। सफाई नायकों को निर्देश दिए कि वह अपने-अपने वार्डों में अच्छे से सफाई कराएं। ताकि कहीं पर गंदगी दिखाई ना दे। ईओ नियमित साफ सफाई का निरीक्षण करें। कहीं गंदगी मिले तो संबंधित सफाई नायक के विरुद्ध कार्यवाही हो। अमरिया व बीसलपुर रोड पर कूड़े के ढेर मुख्य मार्ग पर लगे हैं, उन्हें तत्काल हटवाया जाए। जिन स्थानों पर जलभराव है वहां पर मिट्टी डलवाई जाए। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति रोड पर कूड़ा इधर-उधर डालें और गंदगी फैलाई जाए तो उस पर जुर्माना लगाया जाए। रोड पर अतिक्रमण करने वालों पर भी जुर्माना डाला जाए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी ऋतु पूनिया भी मौजूद रही।

# सड़क हादसे में घायल दुष्कर्म पीड़िता की इलाज के दौरान मौत

संवाददाता, पूरनपुर

- एक दिन पहले चचेरे भाई ने तोड़ा था दम, परिवार में कोहराम
- 30 जुलाई को पीलीभीत से लौटते वक्त हुआ था हादसा

**अमृत विचारः** सड़क हादसे में घायल हुई दुष्कर्म पीड़िता ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। एक दिन पहले ही इसी हादसे में घायल पीड़िता के चचेरे भाई की मौत हुई थी। एक-एक कर दो मौतों से परिवार में कोहराम मच गया है। जबकि तीसरे घायल की हालत गंभीर बनी है।

कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली एक किशोरी ने गांव के ही युवक के खिलाफ दुष्कर्म का आरोप लगाया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया। 30 जुलाई को किशोरी अपने सगे और चचेरे भाईयों के साथ पीलीभीत में काम निपटाकर बाइक से घर लौट रही थी। माधोटांडा रोड पर थाना गजरौला क्षेत्र की रिछौला पुलिस चौकी के पास पहुंचते ही बाइक को कार ने टक्कर मार दी थी। जिसमें किशोरी समेत तीनों बाइक सवार घायल हो गए थे। बरेली के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। रविवार को हालत बिगड़ने पर परिजन चचेरे भाई को लखनऊ ले जा रहे थे, कि रास्ते में मौत हो गई थी। कुछ घंटे बाद रविवार रात घायल दुष्कर्म पीड़िता किशोरी की भी उपचार के दौरान मौत हो गई। जिसके बाद परिवार में चीख पुकार मच गई। कोतवाल राजीव कुमार शर्मा ने बताया दुष्कर्म पीड़िता की मौत की सूचना मिली है। बरेली पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामले में कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जा चुकी है।

# गोरखपुर में पूरनुपर के श्रमिक की मौत

**पूरनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र गांव शेरपुरकलां के रहने वाले बड़े खां (55) पुत्र नईमू मेहनत मजदूरी करते थे। शुक्रवार को og गोरखपुर मजदूरी करने गए थे। वहां थाना गुलहड़िया क्षेत्र में शनिवार को ट्राली में लकड़ी के लट्ठे भरवा रहे थे। इस दौरान रस्सी टूटने से बड़े खां लटठे से दबकर घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। रविवार को उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। जानकारी लगते ही परिजन का रोकर बुरा हाल रहा। कुछ सदस्य शव लाने के लिए गोरखपुर रवाना हो गए। मृतक के छह बेटियां और दो बेटे हैं।

# पूर्व बार काउंसिल अध्यक्ष ने सौंपी नए कानून की पुस्तकें

विधि संवाददाता, पीलीभीत



नए कानून की किताबों के साथ बार एसोसिएशन अध्यक्ष, महासचिव व अन्य।

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान सदस्य शिरीष कुमार मेहरोत्रा सोमवार को पीलीभीत पहुंचे। यहां उन्होंने जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्र एडवोकेट की अध्यक्षता और महासचिव आनंद मिश्रा एडवोकेट के संचालन में हुई बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया।

उन्होंने अधिवक्ता संगठन को नए कानून की किताबें भी निशुल्क प्रदान की। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश बार काउंसिल की ओर से अधिवक्ता संगठनों को नए कानून की जानकारी के लिए विधिक पुस्तक दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की बार काउंसिल हमेशा अधिवक्ताओं के हितों के लिए लगी हुई है। उन्होंने कहा कि नए अधिवक्ताओं को कानून के विषय में अध्ययन करना चाहिए। इससे उनका विधिक ज्ञान मजबूत होगा। उन्होंने सेंट्रल बार एसोसिएशन और सिविल बार संगठन के अधिवक्ताओं से भी भेंट की।

## आज का मौसम

बादल छाए रहने के साथ बारिश का अनुमान

32.0⁰ अधिकतम तापमान | 27.0⁰ न्यूनतम तापमान

## एक नजर

### शिंबुआ के गौरीशंकर मंदिर में वार्षिकोत्सव आज

**बिलसंडा, अमृत विचार :** श्रावण माह में इस बार भी शिंबुआ के प्राचीन श्री गौरी शंकर महादेव मंदिर परिसर में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मंगलवार को मनाया जाएगा। महंत स्वामी विश्वेश्वरानंद महाराज ने बताया कि मंगलवार को मंदिर परिसर में भक्तों द्वारा वार्षिकोत्सव कार्यक्रम मनाया जाएगा। अयोध्या से आए कथा वाचक आचार्य भगवान शरण के मुखारविंद से भक्तों को सात दिन तक शिव पुराण कथा का रसपान कराया जाएगा। बुधवार 14 अगस्त को मंदिर परिसर में विशाल भंडारा आयोजित होगा। देर सायं को मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में प्रबंधक आचार्य ब्रम्हरेश, पूर्व सभासद प्रियंक तिवारी, रामेन्द्र गोस्वाम, इंद्रपाल कश्यप, सुरेंद्र सैनी ने कार्यक्रम की समीक्षा की।

### अमन अली बने सछास के जिला सचिव

**गुलाबटांडा, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम टांडा गुलाबराय के रहने वाले अमन अली को समाजवादी छात्र सभा का जिला सचिव नियुक्त किया गया है। वह और उनके पिता लंबे समय से समाजवादी पार्टी से जुड़े हैं। उनको मिली नई जिम्मेदारी पर कार्यकर्ताओं ने बधाई दी। सोशल मीडिया पर भी बधाई संदेश दिए जाते रहे।

### किशोरी को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना न्यूरिया क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 15 वर्षीय भांजी तीन अगस्त को सुबह साढ़े सात बजे स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी। इसके बाद से घर नहीं लौटी। काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। जानकारी करने पर पता चला कि उसकी भांजी को न्यूरिया कस्बा निवासी गैर समुदाय का युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए न्यूरिया पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है। मामला दो समुदायों से जुड़ा होने के कारण न्यूरिया पुलिस के साथ ही एसओजी को भी किशोरी की बरामदगी के लिए लगाया है। एसओ न्यूरिया प्रदीप कुमार विश्नोई ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी के बारे में सुरागरसी कराई जा रही है।

# बीसलपुर की ब्रांच नहर में गिरे मासूम का दूसरे दिन मिला शव

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- न्यूरिया थाना क्षेत्र के मरौरी गांव की घटना, रविवार को हुआ था हादसा

**अमृत विचार :** नहर के पास खेलते वक्त पांच वर्षीय मासूम नहर में जा गिरा। बच्चे के गिरने की जानकारी मिलने के बाद उसकी तलाश की, लेकिन पता नहीं चला। दूसरे दिन सोमवार को उसका शव बरामद हुआ। न्यूरिया पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

थाना न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम मरौरी के रहने वाले राजेश कुमार ने बताया कि उनका पांच वर्षीय पुत्र सामर्थ्य गांव के ही स्कूल में केजी का छात्र था। रविवार को वह दो अन्य बच्चों के साथ गांव के बाहर बह रही बीसलपुर ब्रांच नहर की ओर खेलने गया था। अचानक खेलते वक्त उसका पैर फिसल गया और वह नहर में जा गिरा। यह देखकर साथ आए बच्चों ने शोर मचाते हुए गांव में पहुंचकर परिजनों को सूचना दी। इसके बाद परिजनों के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। बालक की नहर में तलाश की गई लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। सोमवार को हादसा स्थल से लगभग 50 मीटर की दूरी पर उसका शव बरामद हुआ। शव मिलने की सूचना पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। सूचना पुलिस को दी गई तो पुलिस मौके पर पहुंची। एसओ न्यूरिया प्रदीप कुमार बिश्नोई ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

## शासन ने जिले के सैकड़ों आयकरदाताओं की पूर्ति विभाग को भेजी सूची, जांच में जुटे विभागीय अफसर

# ऐसी और कार वाले खा रहे मुफ्त राशन, गरीब भटक रहे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** घर में एसी, कार सहित सभी सुख सुविधाएं मौजूद हैं। आयकर भी देते हैं। सर्व साधन संपन्न हैं फिर भी मुफ्त का राशन लेने के लिए गरीब बने हुए हैं। मामला पूर्ति विभाग से जुड़ा है। सांठगांठ कर गरीबों को मिलने वाला मुफ्त राशन अमीर डकार रहे हैं। जिले के ऐसे सैकड़ों लोगों की सूची शासन से जिला आपूर्ति विभाग को भेजी गई है। जिसके बाद खलबली मची है। इधर, सूची आने के बाद विभाग ने ऐसे लोगों की जांच शुरू कर दी है। विभाग के अफसरों का का दावा है कि सत्यापन के बाद ऐसे कार्डधारकों पर कार्रवाई की जाएगी, जो अमीर होते हुए भी गरीबों का हक मार रहे हैं।

पूर्ति विभाग के आंकड़ों की बात करें तो जनपद में 3.50 लाख से अधिक राशन कार्डधारक हैं, जिनको प्रत्येक माह राशन दिया जाता है। इसमें पात्र गृहस्थी के करीब 3.43 और अंत्योदय के 36 हजार कार्डधारक है। शासन की ओर से गरीबों के लिए निशुल्क राशन योजना का संचालन किया जाता है। इसके तहत अंत्योदय कार्डधारकों को प्रत्येक माह 35 किलो और पात्र गृहस्थी कार्डधारक को प्रत्येक यूनिट पांच किलो निशुल्क राशन मिलता है। इसमें गेहूं और चावल का वितरण होता है। मगर, गरीबों के इस हक पर अमीर भी डाका डालने से बाज नहीं आते। सांठगांठ करके सर्व साधन संपन्न लोगों ने अपने राशन बनवा लिए हैं। इसमें सरकारी नौकर, बड़े किसान, व्यापारी आदि शामिल हैं।

आयकर विभाग की ओर से ऐसे लोगों की सूची बीते दिनों शासन को भेजी गई थी जो अपनी इनकम टैक्स रिटर्न जमा कर रहे हैं। इनमें 600 आयकर दाता समेत अन्य ऐसे लोग शामिल हैं, जो राशन कोटे की दुकानों से निशुल्क राशन ले रहे हैं। शासन से सूची आने के बाद विभाग ने जांच शुरू कर दी है। इन सभी कार्डधारकों का सत्यापन के बाद राशन कार्ड निरस्त करने की बात कही जा रही है।

### आखिर कैसे बन जाते हैं अपात्रों के राशन कार्ड

जनपद में कई ऐसे पात्र हैं जिनका आज तक राशन कार्ड नहीं बना है। उनको सरकार की निशुल्क राशन योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। पात्रता की श्रेणी में आने वाले अधिकांश लोग राशन कार्ड बनवाने के लिए लगातार कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं। विभाग लक्ष्य पूरा होने का हवाला देकरटरका देता है। राशन कार्ड बनवाने के लिए आय सीमा निर्धारित है। शहरी क्षेत्र की तीन लाख और ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वालों की वार्षिक आय दो लाख होनी चाहिए। राशन कार्ड बनवाने के लिए तहसील से जारी आय प्रमाण पत्र भी लगता है। इस प्रक्रिया के के बाद भी आखिरकार अपात्रों के राशन कार्ड कैसे बन जाते है, यह समझ से परे हैं। विभागीय अफसर ही इसका जवाब से दे सकते हैं, लेकिन फजीहत के चलते वह कुछ न बोलने में ही अपने भलाई समझ रहे है।

> शासन की ओर से सूची भेजी गई है, जो आयकरदाता होते हुए भी सरकार से मुफ्त मिलने वाला राशन ले रहे हैं। ऐसे लोगों की जांच कराई जा रही है। उनके राशन कार्ड निरस्त किए जाएंगें। शासन के निर्देशानुसार ही ऐसे लोगों के विरुद्ध कार्रवाई भी की जाएगी। - **विकास कुमार**, जिला पूर्ति अधिकारी

# छापों से बेपर्दा हुआ सरकारी कामचोरी का सच...50 डॉक्टर गैरहाजिर, आईजी स्टांप भी दफ्तर में नहीं मिले

## डीएम के आदेश पर एडीएम, सिटी मजिस्ट्रेट व एसडीएम ने मारे ताबड़तोड़ छापे, 73 अफसर-कर्मचारी मिले नदारद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** सरकारी कार्यालयों में कामकाज न किए जाने को लेकर जनप्रतिनिधियों की नाराजगी, जनता की शिकायत शासन तक पहुंचने के बाद जिला प्रशासन कड़े तेवर अपनाए हुआ है। यही कारण है सरकारी कार्यालयों में छापेमारी चल रही है। सोमवार को भी डीएम के निर्देश पर रजिस्ट्री, आरटीओ, शिक्षा विभाग सहित कई कार्यालयों में हाजिरी जांचने के लिए अधिकारियों ने छापा मारा तो सरकारी कामचोरी का सच सामने आ गया। जांच में 73 अधिकारी और कर्मचारी नदारद मिले।

एडीएम वित्त एवं राजस्व ऋतु पुनिया ने सोमवार सुबह 10:22 बजे मेडिकल कॉलेज में छापेमारी की। इस दौरान सीएमएस डॉ. रमाकांत सागर मौजूद मिले। एडीएम ने उपस्थिति रजिस्टर की जांच की तो 50 सहायक आचार्य, सह आचार्य, सीनियर रेजीडेंट, जूनियर रेजिडेंट आदि गैरहाजिर मिले। इसमें सहायक आचार्य डॉ. मानसी सिंह, डॉ. रुचिता गुप्ता, डॉ. प्रियंका सचान, डॉ. शालिनी त्रिपाठी, डॉ. अक्षत पांडेय, डॉ. अंकुर अग्रवाल, डॉ. कंहैयालाल गुप्ता, डॉ. नितिन मलिक, डॉ. अमित कोहली, डॉ. सुमित सचान, डॉ. स्नेहसुमन, डॉ. जगदम्बा सरन, डॉ. दीपिका वर्मा, डॉ. अंकुर गुप्ता, डॉ. अविरल पांडेय, डॉ. गोपाल तिवारी, ईएनटी सर्जन डॉ. प्रवीन शर्मा, निश्चेतक डॉ. आरएस गंगवार, फार्मासिस्ट मुकेश चंद्र, सीनियर रेजीडेंट डॉ. आयुषी विष्ट, डॉ. रितु, डॉ. कृतिका सेठी, डॉ. आशु गंगवार, डॉ. निरंजन विश्वास, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. गरिमा, डॉ. शिवम जोशी, जूनियर रेजीडेंट डॉ. योगेश कुमार, डॉ. जसप्रीत सिंह, डॉ. विमलेश कुमार, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. शशांक भारद्वाज, डॉ. वसीम खान, डॉ. जगराज सिंह, डॉ. आयुष शर्मा, डॉ. सतेंद्र वी सिंह, डॉ. तरुन कुमार, डॉ. सैय्यद मोहम्मद आकिब, डॉ. कहकशां खान, डॉ. फरमान बेग, डॉ. कुलवंत सिंह, डॉ. ज्योति, डॉ. आयुष गुप्ता, डॉ. मोहम्मद मुस्तफा, डॉ. रामवचन, मनीष प्रताप सिंह, दीप्ती गौतम, अमित भारती, दीपिका शर्मा, ट्यूटर डॉ. प्रियंका यादव गैरहाजिर मिले।

इसके अलावा संविदा कर्मियों में महिला चिकित्सक डॉ. नीता सक्सेना, स्टाफ नर्स आराधना देवल, केयरटेकर मुजम्मिल हसन, काउंसलर पल्लवी सक्सेना, स्टाफ नर्स अजय कुमार राठौर भी अनुपस्थित मिले। एडीएम ने सीएमएस के साथ डॉक्टर कक्ष एवं दवा वितरण कक्ष का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद एडीएम वित्त ने बताया कि निरीक्षण रिपोर्ट



मेडिकल कॉलेज में दवा काउंटर पर मरीजों से बात करती एडीएम वित्त। ● अमृत विचार

- मेडिकल कॉलेज में एडीएम वित्त ऋतु पुनिया की छापेमारी के बाद दिनभर मची रही खलबली

### डीआईओएस साहब! आप ही समय से नहीं आते तो बच्चों को कैसे पढ़ाएंगे रोज हाजिरी का पाठ

चार मातहत कर्मचारियों समेत खुद पकड़े गए गैरहाजिर, डीसीओ दफ्तर में भी तीन कर्मचारी नदारद



अमृत विचार में प्रकाशित खबर की पीडीएफ।

### आईजी स्टांप मिले नदारद

डीएम के निर्देश पर एसडीएम सदर देवेंद्र सिंह ने सुबह करीब 10 बजे उप निबंधक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आईजी स्टांप वाल्मीकि त्रिपाठी अनुपस्थित मिले। जबकि अन्य कर्मचारी कार्यालय में काम करते पाए गए।

### नगर पालिका: आठ कर्मचारी गायब

पीलीभीत, अमृत विचार : नगर पालिका पीलीभीत में एडीएम न्यायिक अजीत परेश ने सुबह 10 .10 बजे निरीक्षण किया। ईओ उस वक्त नहीं थे लेकिन खबर लगते ही कुछ देर में आ गए। कनिष्ठ लिपिक चंद्रवीर, मोहम्मद सलमान, विवेक सैनी, उमा सक्सेना, चपरासी विवेक नंद, शिखा, विमलेश और अनीस भी गैर हाजिर थे। शौचालय भी क्रियाशील अवस्था में नहीं मिला।

### एआरटीओ कार्यालय: सिटी मजिस्ट्रेट को चार मिले अनुपस्थित

सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर ने सोमवार सुबह 10 .15 बजे एआरटीओ कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एआरटीओ वीरेंद्र सिंह कार्यालय में मौजूद मिले। उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन करने के बाद कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान लेखाकार संतोष कुमार, प्रभारी सहायक प्रवीण कुमार बाजपेई, अजहर अली खां एवं ममता गौतमी अनुपस्थित पाए गए।



### मरौरी ब्लॉक : दो एडीओ समेत नौ कर्मी मिले नदारद

**पीलीभीत, अमृत विचार :** तहसीलदार सदर राम ऋषि रमन ने सोमवार को खंड विकास अधिकारी कार्यालय मरौरी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी मृदुला कार्यालय में ही मौजूद मिलीं। जबकि एडीओ समाज कल्याण नरेंद्र कुमार, एडीओ कृषि बिजेंद्र शर्मा और कुसुम भारती गैरहाजिर मिले। इसके अलावा एबीटी नेहा राना और वाहन चालक पवन कुमार पहली अगस्त से लगातार अनुपस्थित पाए गए। नेहा राना के संबंध में बीडीओ ने बताया कि वे वर्तमान में लघु सिंचाई कार्यालय से सम्बद्ध हैं। इस पर लघु सिंचाई कार्यालय से जानकारी की गई तो पता चला कि नेहा राना वहां भी निरंतर अनुपस्थित हैं। इसके अलावा तकनीकी सहायक मोहम्मद अजहर, सुनील कुमार सक्सेना, आशीष कुमार, सुशील कुमार, बीसी अनुदित अग्निहोत्री और नितिन पांडे भी गैरहाजिर मिले। संविदाकर्मियों के उपस्थिति रजिस्टर की जांच की गई। जिसमें अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा विजय कुमार गंगवार के हस्ताक्षर नहीं पाए गए।



### बीसलपुर सीएचसी: एडीएम न्यायिक ने चार कर्मियों को पाया नदारद

**पीलीभीत, अमृत विचार :** एसडीएम न्यायिक ऋषिकांत राजवंशी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीसलपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कनिष्ठ लिपिक शिवराम गैरहाजिर मिले। सीएचसी में मौजूद प्रभारी डॉ. लेखराज ने बताया कि शिवराम एक से तीन अगस्त तक छुट्टी पर थे। संविदा कर्मियों में विजय कुमार, सुजात गौड़ एवं अंजेश कुमार अनुपस्थित मिल। एंटी रेबीज एवं एंटी स्नेक बैनम वैक्सीन की जानकारी करने पर प्रभारी ने बताया कि एंटीरैबीज वैक्सीन 208 एवं स्नेक बैनम वैक्सीन 35 उपलब्ध है।

# पुरवा भूड़ा और बसंतापुर गोशाला में पड़ेगी टिनेशड

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** डीएम ने दूसरे दिन मरौरी ब्लॉक की दो गोशाला का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गोवंशों के लिए भूसा-चारे समेत अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने दोनों गोशालाओं में एक-एक टिनशेड निर्माण और पौधरोपण कराने के निर्देश दिए।

डीएम संजय कुमार सिंह ने सोमवार को मरौरी ब्लाक की बसंतापुर और पुरवा भूड़ा गोशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निराश्रित गोवंशों के भूसा, चारा, पीने योग्य पानी समेत अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

डीएम को बताया कि वर्तमान में बसंतापुर गोशाला में 70 गोवंश एवं पुरवा भूड़ा गोशाला में 76 निराश्रित गोवंश संरक्षित किए गए हैं। निरीक्षण के दौरान डीएम ने पशु चिकित्सक को गोवंशों की नियमित देखरेख करने के निर्देश दिए। परिसर में बेहतर साफ-सफाई न मिलने पर सफाई पर विशेष देने, दोनों गोशालाओं में एक-एक टिनशेड और पौधरोपण कराने के निर्देश दिए।

वहीं सोमवार को ही अभियान चलाकर बसंतापुर गोशाला में 12 गोवंश एवं पुरवा भूड़ा गोशाला में 18 निराश्रित गोवंशो को संरक्षित किया गया। इस दौरान खंड विकास अधिकारी मृदुला समेत गोशाला का स्टाफ मौजूद रहा।



गोशाला का निरीक्षण करते डीएम संजय कुमार सिंह। ● अमृत विचार

- डीएम ने निरीक्षण के दौरान दोनों जगह एक-एक टिनशेड निर्माण कराने के दिए निर्देश

### इन्हीं गोशाला में अनियमितता पर सचिव हुआ था सस्पेंड

करीब पखवाड़ा पूर्व बसंतापुर और पुरवा भूड़ा गोशाला में गोवंशों की दुर्दशा के वीडियो वायरल हुए थे। वायरल वीडियो संज्ञान में आने के बाद आनन-फानन में उसी दिन शाम सात बजे अफसरों की टीम भेजकर मामले की जांच कराई गई। जांच में पुरवा भूड़ा में मृत गोवंशों को दफनाने मे खासी लापरवाही उजागर हुई थी। वहीं बसंतापुर गोशाला में प्रकाश व्यवस्था ठप मिली थी। इस मामले में दोषी पाए गए सचिव मोहम्मद रिजवान को निलंबित कर दिया था।

## साहब ! बरामद किशोरी के पुलिस नहीं करा रही बयान

**पूरनपुर, अमृत विचार:** हजारा क्षेत्र की एक महिला ने एसपी को भेजे शिकायती पत्र में बताया उसकी नाबालिग पुत्री को गांव के तीन युवक 26 जुलाई को अगवा कर ले गए थे। मामले की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। दूसरे दिन पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया। आरोप है कि सात दिन से बरामद किशोरी पुलिस के पास है। मगर उसके बयान कोर्ट में नहीं कराए गए हैं। एक दरोगा पर सुलह का दबाव बनाने का आरोप लगाया। सीओ विशाल चौधरी ने बताया कि सोमवार को किशोरी के बयान कराए जाने थे। कांवड़ यात्रा की व्यस्तता के चलते नहीं हो सके। मंगलवार को उपचुनाव है। जल्द ही बयान कराने के प्रयास किए जाएंगे।

# बुखार से हुई बालक की मौत, डेंगू का मचा शोर

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार:** दियूरिया खुर्द में बुखार की चपेट में आने के बाद एक बालक की मौत हो गई। सोमवार देर शाम पीलीभीत के एक अस्पताल में उपचार के दौरान उसने दम तोड दिया।

बताते हैं कि गांव में दर्जन भर से अधिक लोग बुखार से ग्रसित है। बालक की मौत के बाद डेंगू का शोर मचा रहा।लगातार पड़ रही भीषण गर्मी के बाद ग्रामीण अंचल में संक्रामक बीमारियों के पांव पसारने की शुरुआत हो गई है। मलेरिया और डेंगू का डर लोगों को सता रहा है। स्वास्थ्य विभाग प्रभावित गांवों में कैंप लगवा कर चेकअप के साथ ही दवा का वितरण कर रहा है। गांव दियुरिया खुर्द के प्रमोद कुमार श्रीवास्तव का चार वर्षीय पुत्र पप्पू पिछले कई दिनों से बुखार से पीड़ित था। पहले तो परिजनों ने स्थानीय स्तर पर उसका उपचार कराया लेकिन फायदा ना होने पर जिला मुख्यालय के एक प्राइवेट अस्पताल में ले जाकर भर्ती किया।

सोमवार देर शाम उसकी मौत हो गई। जिसके बाद डेंगू का शोर मचा रहा। उधर , गांव जयपालपुर, , बिलहरा , मुड़िया, पुरैना में भी जांच कराई जा रही है। यहां मलेरिया मरीजों के निकलने का शोर है। मानपुर बंडा में भी मरीज मिलने पर कैंप लगाकर दवा का वितरण किया। ग्रामीण अंचलों में केस मिलने पर फैली गंदगी को वजह माना जा रहा है।

## युवती को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट

**बीसलपुर, अमृत विचार:** क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि तीन अगसत को वह घर पर नहीं थे। बीमार पत्नी पत्नी और बेटी मौजूद थी। इस बीच गांव सावेपुर का छुटुआ, उसका भाई अमित कुमार घर में घुस गए और बेटी को बहला फुसलाकर ले गए। काफी तलाशने के बाद भी बेटी का कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश में जुट गई है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अमीर अहमद उर्फ बवईये को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **सलमा पत्नी जमीर अहमद निवासी स्वालेनगर थाना किला जिला बरेली।**

आवश्यकता है
सहायक प्रशासनिक अधिकारी
कम्प्यूटर ऑपरेटर
कम्प्यूटर हार्डवेयर, नेटवर्किंग एवं सी.सी.टीवी. मेंटेनेंस हेतु
लैब टैक्नीशियन
अनुभवी व्यक्ति की
वेतन-योग्यतानुसार
शीघ्र संपर्क करें :-
HR ऑफिस, रूम नं. 102, OPD गेट के पास
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर में
समय : प्रात: 10 बजे से सायं 4 बजे तक
मो. 7521001986, 7521001994

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज ---------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज --------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज --------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

**समस्या** श्रमिकों के पंजीकरण और नवीनीकरण से जुड़े कार्य ठप होने से सरकार की योजनाओं पर भी संकट

# सात माह से ठप पड़ा पोर्टल, नहीं हो रहा श्रमिकों का पंजीयन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- जिले में दो लाख से अधिक श्रमिक हैं पंजीकृत, दर-दर भटक रहे
- अफसर बोले-तकनीकी खराबी दूर करने को चल रहा मेंटेनेंस कार्य

**अमृत विचार:** जिले में श्रम विभाग का कामकाज सात माह से पूरी तरह ठप पड़ा। विभागीय पोर्टल ठप होने से न तो श्रमिकों का पंजीकरण हो पा रहा है और ही श्रमिक लाभार्थियों को योजना का लाभ मिल रहा है। ऐसे में श्रमिक कार्यालय और जनसेवा केंद्रों के चक्कर लगा रहे श्रमिकों को मायूसी ही हाथ लग रही है।

श्रम प्रवर्तन विभाग में जिले के करीब दो लाख श्रमिक पंजीकृत है। इनके हित में संचालित होने वाली योजनाओं का लाभ जनवरी माह से श्रमिकों को नहीं मिल पा रहा है। विभागीय अधिकारी चाह कर भी कुछ नहीं कर पा रहे हैं। साइट बंद होने के कारण मजदूरों का नया पंजीकरण नहीं होने के साथ सभी प्रकार के योजनाओं का लाभ पंजीकृत लाभार्थी श्रमिकों को नहीं मिल रहा है।

विभागीय पोर्टल बंद होने से योजनाओं का संचालन रूका है। इसके तहत मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना, संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना, कन्या विवाह अनुदान योजना, शौचालय सहायता योजना, महात्मा गांधी पेंशन योजना, गंभीर बीमारी सहायता योजना, निर्माण कामगार मृत्यु व दिव्यांगता सहायता, अटल आवासीय विद्यालय योजनाएं संचालित हैं। इसके तहत मजदूरों को लाभ मिलता है। इसके अलावा श्रमिकों को 60 वर्ष की आयु पूरा करने होने पर लाभार्थी को तीन हजार रुपये प्रति माह पेंशन मिलता है।

पेंशन योजना के तहत असंगठित क्षेत्रों के श्रमिकों, ई-श्रम कार्ड धारक, 18 से 40 साल की उम्र में पंजीकरण, मासिक आय 15 हजार प्रति माह या उससे कम, ईपीएफओ, एनपीएस, ईएसआईसी का सदस्य होने वाले लाभार्थियों को पीएम एसवाई एम के लाभ प्राप्त होते हैं। पोर्टल बंद होने से विभागीय योजनाएं चौपट पड़ी हैं। परेशान श्रमिक दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं। बताते हैं कि पोर्टल साइबर क्राइम की भेंट चढ़ चुका है। हैकरों ने पोर्टल हैक करने से सात माह से इससे जुड़े सभी कार्य पूरी तरह ठप पड़े हुए हैं। इससे न तो नए श्रमिकों का पंजीकरण हो पा रहा है और न ही लाभार्थी श्रमिकों को योजनाओं का लाभ मिल पा रहा है। ऐसे में श्रमिक कार्यालय और जनसेवा केंद्रों पर चक्कर लगाकर थक चुके हैं। लेकिन, विभागीय अफसरों की ओर से भी कोई ठोस जवाब नहीं मिल रहा है।

> जिले में करीब1 दो लाख श्रमिकों का रजिस्ट्रेशन है। विभागीय पोर्टल जनवरी से कार्य नहीं कर रहा है। तकनीकी खराबी को दुरुस्त करने के लिए मेंटेनेंस कार्य चल रहा है। शासन स्तर से इसी माह पोर्टल चालू होने की जानकारी दी गई है।
> -**घनश्याम वर्मा**, श्रम प्रवर्तन अधिकारी

## बुलडोजर से पहुंचे कांवड़ियो ने किया जलाभिषेक

**जहानाबाद, अमृत विचार :** पीलीभीत में कांवड़िए कछला घाट से गंगा जल लेकर बुल्डोजर पर सवार होकर चक्रतीर्थ मंदिर पहुंचे। यहां पुलिस ने जलाभिषेक कराया। थानाध्यक्ष संजीव कुमार शुक्ला ने बताया बुलडोजर कांवड़ के जिले में प्रवेश करने की जानकारी लगते ही वे पुलिस की निगरानी के बीच बुलडोजर कांवड़ को सुरक्षित ग्रीन कॉरिडोर बनाकर गांव के शिव मंदिर तक पहुंचा दिया। पुलिस के अनुसार क्षेत्र में कल्याणपुर चक्रतीर्थ गांव के कबाड़िए कछला घाट से सोमवार सुबह बुलडोजर पर सवार होकर गंगाजल लेकर यहां पहुंचे। वहीं, कांवड़ यात्रा लाने वाले कांवड़ियों ने बताया बुलडोजर पर सवार होकर श्रद्धालु हरिद्वार से गंगाजल लाकर जलाभिषेक करेंगे। जिले में पहली बार आई बुलडोजर कांवड़ इलाके के लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी है।

## गौरीशंकर व मढ़ानाथ मंदिर पर लगे जयकारे

**बिलसंडा :** कस्बे से विशाल जत्था महंत शिखर जायसवाल की अगुवाई में बीते दिनों रवाना हुआ था। 150 किमी की पैदल यात्रा के बाद जत्था सोमवार सुबह नीलकंठ मंदिर पहुंचा, जहां आरती के बाद मीरपुर बबूरा होते हुए शिंबुआ के गौरीशंकर मंदिर पहुंचे। यहां पूजा अर्चना के बाद सभी भक्तों ने प्रसिद्ध मढानाथ मंदिर पर भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। सर्वेश गुप्ता दद्दू, मीत राठौर, शिखर जायसवाल, तनव,निखिल गुप्ता, आयुष,सचिन,सागर राठौर,अनीस, प्रिंस, अभिषेक,माहिर गुप्ता,हिमांशु, राजू, रविंद्र कश्यप, सुधांशु गुप्ता,शिवा वर्मा ने कावड़ियों का स्वागत किया।

## कांवड़ियों को बांटे फल और कराया चेकअप

**पीलीभीत :** उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की ओर से सोमवार को कांवड़ियों का स्वागत किया गया।इस दौरान बरेली हाईवे पर जेएमबी तिराहा के पास शिविर लगाया गया। जिसमें जलपान की व्यवस्था के साथ ही मेडिकल कैंप की भी व्यवस्था रही। शिविर की शुरुआत डीएम संजय कुमार सिंह ने फीता काटकर कराई। कछला से जल लेकर पीलीभीत पहुंचे कावड़ियो पर यूनियन के पदाधिकारी व अन्य अधिकारियों ने पुष्प वर्षा की। फल का वितरण किया गया। जिलाध्यक्ष हरिपाल सिंह, रिंटू वर्मा, बिलाल मियां, राम देव, जगन्नाथ आदि मौजूद रहे।



कांवड़ियों का स्वागत करते राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार। ● अमृत विचार



गौरीशंकर मंदिर जलाभिषेक करते श्रद्धालु।



श्रावण मास के तीसरे सोमवार को गौरीशंकर मंदिर के मुख्य द्वार पर लगी शिव भक्तों की भीड़। ● अमृत विचार

# सावन का तीसरा सोमवार: शिव भक्ति में डूबे भक्त शिवालयों में 'हर हर महादेव' के लगे जयकारे

## मंदिरों में भोलेशंकर का जलाभिषेक करने के लिए कांवड़ियों की सुबह से देर शाम तक रही आवक

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** सावन माह के तीसरे सोमवार को पीलीभीत में बम-बम भोले, हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे। शिवालयों में सुबह से ही भगवान शिव का जलाभिषेक शुरू हो गया। दोपहर तक मंदिरों में भक्तों की कतार लगी रही। इधर, हाईवे से लेकर शहर की सड़कों पर कावंड़ियों के जत्थे डीजे की धुन पर थिरकते नजर आए। इससे पूर्व शहर से गंगाजल लेने गए कांवड़ियों की शाम से देर रात तक वापसी होती रही। जिले में करीब सात हजार से अधिक कावंड़ियों ने जलाभिषेक किया।

- कांवड़ियों का हाईवे पर कई जगह पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत, व्रत रखकर मांगी मनौतियां

शहर के ऐतिहासिक गौरी शंकर मंदिर, दुग्धेश्वर नाथ मंदिर, अर्धनारीश्वर मंदिर में सावन के तीसरे सोमवार को आकर्षक ढंग से सजाया गया। हर तरफ उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने घरों में पूजा अर्चना करने के बाद गौरीशंकर मंदिर में बाबा का जलाभिषेक किया। सुबह पांच बजे से मंदिरों में कतार लगना शुरू हो गई। एक-एक कर श्रद्धालुओं को शिवालय में भेजा गया। शिव भक्तों ने बाबा को बेलपत्र, भांग, धतूरा चढ़ाने के बाद दूध और गंगाजल से जलाभिषेक किया। साथ ही मनौती मांगी। दिन भर मंदिरों में घंटे-घड़ियाल के साथ ही बम बम भोले, हर हर महादेव के जाप और मंत्रों की गूंज सुनाई देने लगी। इधर,भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए इन दिनों कांवड़ियों का कछला जाने का सिलसिला जारी है। कावंड़ियों के जत्थे जलाभिषेक करने के लिए पहुंचे। शहर मे प्रवेश करते हुए कावंड़ियों की कड़ी सुरक्षा के बीच मंदिर तक पहुंचाने के लिए पुलिस फोर्स जुटी रही।



कछला से गंगाजल भरकर आते कावड़िया। ● अमृत विचार

गौरीशंकर मंदिर में भीड़ को देखते हुए कावंड़ियों के लिए अलग से लाइन की व्यवस्था की गई। सिर्फ कावंड़ियों को जाने की अनुमति दी गई। जलाभिषेक करने के लिए शिवालय में धक्का मुक्की होती रही। कई बार भीड़ को नियंत्रित करने के लिए द्वार को बंद किया गया। इतना ही नहीं भीड़ को रोकने के लिए रस्सी का भी प्रयोग किया गया। मगर उत्साह से लवरेज कावंड़ियों जलाभिषेक करने की होड़ में रस्सी भी लांग कर शिवालयों में प्रवेश करते रहे। मंदिर महंत के अनुसार अभी तक करीब ढाई हजार से अधिक कांवड़ बाबा के दरबार में चढ़ चुकी है। तीसरे सोमवार को बाबा का जलाभिषेक करने के लिए कांवड़ियों के जत्थे पहुंचे।

राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने ललौरीखेड़ा ब्लॉक क्षेत्र के कई गांवों में पहुंचकर कांवड़ियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शिवालय में पहुंचकर पूजा अर्चना की गई।

### सड़कें भगवा, भजन की धुन पर थिरके शिवभक्त

बरेली हाईवे की ओर से आने वाले कांवड़ियों का रुट ईदगाह फाटक से निर्धारित किया गया था। इसके चलते इस रूट पर बड़े वाहनों के प्रवेश बंद रखे गए। वहीं रोडवेज की बसों को भी बेसिक शिक्षा कार्यालय के बाहर खड़ा कराया गया। सुबह से ही सड़कों पर कांवड़ियों की फौज दिखाई देने लगी। जिस वजह से सड़कें भगवा मय हो उठी। डीजे के साथ कांवड़ियों के जत्थे शहर में प्रवेश कर रहे थे। डीजे की धुन पर सिर्फ पूरे शहर में बोल बम का नारा ही सुनाई देता रहा। मोहल्ला फीलखाना घेर से करीब 200 कावंड़ियों का जत्था सोमवार को शहर में पहुंचा। इस दौरान कांवड़ियों के जत्थे का विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया। यह जत्था महंत आकाश कश्यप और संयोजक एवं कपूरी महंत गौरव सक्सेना के नेतृत्व में जल लेकर गौरीशंकर बाबा के दरबार में पहुंचा। जहां जलाभिषेक किया गया। इस दौरान प्रत्यक्ष सक्सेना, लक्ष्य सक्सेना, हिमांशु कश्यप, विशाल सक्सेना, रवि, संदीप सक्सेना, दिनेश सक्सेना, शरद जायसवाल मौजूद रहे।

### उद्योग व्यापार मंडल ने कांवड़ियों का किया स्वागत



**पीलीभीत, अमृत विचार :** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष अफरोज जिलानी की अगुवाई में पदाधिकारियों ने कांवड़ियों की सेवा करने के लिए टाइगर तिराहे पर शिविर लगाया। व्यापारियों ने कांवड़ियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और फल वितरण किया। इस मौके पर जिला चेयरमैन अनिल महेंद्रू , राजेश अग्रवाल, पंकज अग्रवाल , प्रकाश वीर , विक्रम सिंह , संजय पांडे, विक्रांत मिश्रा , आर के शर्मा , सुधीर पाल सिंह , रणवीर पाठक , मुस्तकीम मलिक, राशिद अंसारी , गौतम गुहा , ऋषि , मोहम्मद ममनून , रिजवान मलिक, आदित्य गंगवार , राम स्वरूप मौर्य , शैली शर्मा , आशीष लोधी , ऋषभ सिंह, राजीव राय , सागर सैनी, शेर सिंह, रवि रस्तोगी, रोहित श्रीवास्तव, राजन श्रीवास्तव, नजम खान मौजूद रहे।

### ठंडा जल पीकर शिव भक्तों को मिली राहत



**बीसलपुर, अमृत विचार :** नगर के बाबा गुलेश्वर नाथ मंदिर के पास कला ईश फाउंडेशन की ओर से कांवड़ियों के जलपान के लिए स्टॉल लगाया गया। जहां सपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय सचिव दिव्या गंगवार और पति प्रदीप सिंह पटेल के साथ कांवड़ियों के लिए पेयजल और फल का वितरण किया। इस मौके पर रुपलाल महातिया, भूदेव, शालिग्राम गंगवार, मुकेश, रजनीश सागर, अवि गंगवार, सौरभ, हरीश कुमार, राजू, राकेश प्रजापति, ज्ञानचंद, उत्तम कुमार, सुनील कुमार मौजूद रहे।



टनकपुर हाईवे पर गौहनिया चौराहा की तरफ जाते कांवड़िये। ● अमृत विचार

## भारतीय बजरंग दल ने निकाली बाइक जलाभिषेक यात्रा

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** भारतीय बजरंग दल ने सोमवार को तृतीय भव्य जलाभिषेक बाइक यात्रा निकाली। यह यात्रा नगर के कोतवाली रोड पर स्थित एक बैंकट हाल से अतिशबाजी और जयघोष की गूंज से शुरु हुई। कड़ी सुरक्षा के बीच यात्रा शेरपुर कलां से होते हुए शारदा नदी के धनाराघाट पहुंची और जल भरने के बाद वापस लौटी।

तिरंगा चौराहे पर ब्राहमण महासभा ने और कस्बे में छतों से लोगों ने पुष्पवर्षा कर कावंडियों को जोरदार तरीके से स्वागत किया। वहीं, पकड़िया चौराहे पर चैयरमैन शैलेंद्र गुप्ता, लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने फूलवर्षा और आतिशबाजी कर स्वागत किया।



बाइक जलाभिषेक यात्रा में शामिल पदाधिकारी। ● अमृत विचार

इसके बाद यात्रा बंडा थाना क्षेत्र के सुनासीर नाथ पहुंची। वहां शिव भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का शारदा के जल से अभिषेक किया। यात्रा में प्रदेश अध्यक्ष विवेक मिश्रा, प्रदेश महामंत्री मुनिराज सिंह, प्रदेश विधि प्रमुख पुष्कर अग्निहोत्री, प्रदेश मंत्री अशोक जोशी, जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा, जिला महामंत्री अशोक राठौर, हर्ष प्रधान, नवनीत मिश्रा, पारस शुक्ला, रजनीश पांडे, अभिषेक सक्सेना, जगदीश पांडे, सूरज बाथम, मानस शुक्ला, अम्बर मिश्रा, अंकित वाल्मीकि, हरिओम पांडे आदि मौजूद रहे।

### महाकाल ग्रुप ने लगाया राहत शिविर



**बरखेड़ा,अमृत विचार :** श्री महाकाल युवा ग्रुप की ओर से सावन के तीसरे सोमवार को कांवड़ियों के लिए राहत शिविर का आयोजन किया। शिविर में गंगाघाटों से जल लेकर आए कावंड़ियों की सेवा करते हुए उन्हें ठंडे पानी की बोतल और फलहार का वितरण किया गया। यह शिविर देर रात तक चलता रहा।जहां कांवड़ियों की सेवा की गई। इसके अलावा कस्बे के मोहल्ला इंद्रीगंज में स्थित देव स्थान पर मंदिर का अधूरा निर्माण पूरा करने के लिए भी महाकाल ग्रुप के सदस्यों ने सहयोग किया। इस मौके पर सौरभ गंगवार, हिमांशु गुप्ता, निखिल गंगवार,अजय गंगवार, कपिल भोजवाल, अभिषेक भोजवाल,अंकित भोजवाल विकास मिश्रा मौजूद रहे।

### शिव मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**मझोला :** सावन के दूसरे सोमवार को कस्बे से लेकर ग्रामीण अंचलों में शिव मंदिरों में भक्त पहुंचे। जल लेकर आए कांवड़ियों का कई जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष निशांत प्रताप सिंह ने कांवड़ियों का स्वागत कर फलाहार कराया। इस मौके पर कपिल अग्रवाल, बैजनाथ यादव,चंदन कुमार,सूरज, रामश्याम, उत्तम, बबलू, भगत चौरसिया, धीरज, विकास कुमार,ध्रुपाल सिंह, रघुवीर भोला आदि मौजूद रहे।



कावंड़ियों के जत्थे में शामिल लोग। ● अमृत विचार



कावड़ की आरती करते कावड़िया ● अमृत विचार

### बुलडोजर पर कांवड़ यात्रा लेकर आए भक्त



**बीसलपुर, अमृत विचार :** सोमवार को शिवालयों में महादेव की पूजा अर्चना हुई। गुलेश्वर नाथ मंदिर में कांवड़ियों ने जलाभिषेक किया। खास बात रही कि एक जत्था बुलडोजर पर सवार होकर पहुंचा था। बुलडोजर पर कांवड़ यात्रा लेकर पहुंचे शिव भक्तों को देखने के लिए सड़कों पर लोगों की भीड़ उमड़ी। किसान नेता देव स्वरूप पटेल ने बरेली मार्ग पर कांवड़ियों का स्वागत कर फल वितरित किए।नगर पालिका अध्यक्ष शशि जायसवाल के निर्देश पर मंदिर परिसर की सफाई कराई गई।

# समाजवादी विचारधारा के प्रखर वक्ता थे जनेश्वर मिश्र

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** नकटादाना चौराहा पर स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सोमवार को जनेश्वर मिश्र की 92वीं जयंती मनाई गई। कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि छोटे लोहिया के नाम से मशहूर जनेश्वर मिश्र शोषित, वंचित, पीड़ित की आवाज के साथ समाजवादी विचारधारा के प्रखर वक्ता थे। उनका मानना था कि समाजवाद जीवन जीने का सही ढंग है। इस संघर्ष में वे जीवन पर्यंत लगे रहे। उनकी वाणी और व्यक्तित्व इतना प्रभावशाली था कि जो उनके पास पहुंच जाता था, वह उनका ही बनकर रह जाता था। जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी ने कहा कि जनेश्वर मिश्र का पार्टी कार्यकर्ताओं से विशेष लगाव था।



सपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा।

- सपा कार्यालय पर मनाई गई 92वीं जयंती, पुष्प अर्पित कर किया नमन
- समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने भी किया कार्यक्रम

उन्होंने पार्टी के लिए बहुत काम किया और पार्टी के संस्थापक सदस्य रहे। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्र कट्टर, बालकराम सागर, अमित पाठक एडवोकेट, आशीष सिंह चौहान, दिनेश कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

उधर, समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू ने कार्यकर्ताओं संग अपने कैंप कार्यालय पर जनेश्वर मिश्र की 92 वीं जयंती मनाई। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर याद किया गया।



जयंती पर जनेश्वर मिश्र का नमन करते सयुस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार व अन्य।

वक्ताओं ने उनके राजनीतिक जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि जनेश्वर मिश्र सभी के लिए प्रेरणादायक हैं। उनका जन्म पांच अगस्त 1933 को बलिया जिले के शुभनताही गांव में हुआ था। उन्होंने इलाहाबाद लोकसभा का तीन बार प्रतिनिधित्व किया। उनका जीवन सादगी भरा रहा। अपनी संघर्ष क्षमता के बल पर वीपी सिंह और इंदिरा गांधी के मंत्रिमंडल में पेट्रोलियम मंत्री भी रहे। उनके बताये मार्ग पर चलकर हम समाजवाद की परिकल्पना को साकार कर सकते हैं। इस मौके पर प्रेम शंकर वर्मा, नित्यानंद वर्मा, आशीष भारती, रामकुमार, संजीव कुमार काशयव, भुवनेश, राजेन्द्र दिवाकर आनन्द सिंह, दाताराम, नसीम, फैज हसन समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बाढ़ से क्षतिग्रस्त तटबंधों की मरम्मत में लापरवाही से ग्रामीणों में आक्रोश

संवाददाता, पूरनपुर

- चंदिया हजारा क्षेत्र बचाओ संगत समिति ने डीएम से शिकायत कर भूख हड़ताल की दी चेतावनी

**अमृत विचार:** बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुए तटबंधों की मरम्मत में लापरवाही बरतने से ग्रामीणों को बाढ़ का खतरा फिर सताने लगा है। इसको लेकर चंदिया हजारा क्षेत्र बचाओ संघर्ष समिति ने डीएम से शिकायत की है। मरम्मत कार्य में सुधार न होने पर भूख हड़ताल की चेतावनी दी है।

शारदा नदी की बाढ़ हर साल सैकड़ो एकड़ जमीन और घर निगल लेती है। ग्रामीणों ने 101 दिनों तक क्रमिक अनशन किया था। इसके बाद नदी किनारे जिओ बैग और तटबंध बनाने के लिए शासन से 9.50 करोड रुपये स्वीकृत हुए। ग्रामीणों ने बताया कि तटबंध बनाने के लिए 1400 मीटर तक काम किया गया जबकि यह काम 1500 मीटर तक किया जाना था। इसके अलावा बाढ़ में कई जगह तटबंध क्षतिग्रस्त हो गया। इसके चलते बाढ़ का पानी गांव तक पहुंच गया। इससे फैसले बर्बाद हो गई और ग्रामीणों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। गत दिनों पहले दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संबंधित अधिकारियों को तुरंत बचाव कार्य पूरे करने के निर्देश दिए थे। आरोप है कि इसके बावजूद तटबंध मरम्मत के कार्य में लापरवाही बरती जा रही है।

बाढ़ आने से पहले तटबंध की मरम्मत का काम पूरा होना अति आवश्यक है। वर्तमान स्थिति में बाढ़ आने पर चंदिया हजारा गांव को खतरा बना हुआ है। चंदिया हजारा क्षेत्र बचाओ संघर्ष समिति के उपाध्यक्ष दिलीप बैरागी ने डीएम से तटबंध की जल्द मरम्मत करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करने की मांग की। समस्या का समाधान न होने पर समिति के लोगों ने भूख हड़ताल पर बैठने की चेतावनी दी है।

